हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

12 इंटर कॉलेज कबड्डी में जाट कॉलेज ने जीते स्वर्ण पदक



12 अग्रसेन जयंती पर 18 दंपति ने किया एक साथ रक्तदान



खबर संक्षेप

102 ग्राम अफीम के साथ आरोपी दबोचा

हिसार। सीआईए मिलगेट की टीम ने कार्रवाई करते हुए ऑटो मार्केट स्थित जिंदल पार्क के पास से एक व्यक्ति को 102 ग्राम अफीम सहित काबू किया है। आरोपी अरविन्द निवासी गांव जाजनवाला, जिला जींद से पूछताछ जारी है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह अफीम कहां से लेकर आया था तथा इसे कहां सप्लाई करना था। मामले में नशे की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

सिसाय के अमित राणा बने बार काउंसिल के चेयरमैन

नारनौंद। पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसलिंग का घोषित चुनाव परिणामों में हांसी जिले के गांव सिसाय निवासी अमित राणा को पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल का चेयरमैन बनाया गया है, जबकि शर्मिला शर्मा को वाइस-चेयरमैन चुना गया। इनकी नियुक्ति से गांव में खुशी का माहौल है। गांव में पहुंचने पर इनका स्वागत किया जाएगा। बीसीपीएच अतिरिक्त सचिव मलकीत सिंह ने बताया कि इसके साथ, करनजीत सिंह एडवोकेट को राज्य बार काउंसिल से बार काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य चुना गया है। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में 26 सदस्यों ने मतदान किया था। इसके परिणामस्वरूप प्रदीप परमार को मानद सचिव (ऑनरेरी सेक्रेटरी) नियुक्त किया गया है। बता दे कि मार्च 2026 में बार काउंसिल के हुए आम चुनावों के बाद गठित इस नई बार काउंसिल के पदाधिकारियों के ये पहले चुनाव थे।

अग्रसेन भवन में 23 को होगा रामायणी कार्यक्रम

हिसार। दीपावली एवं करवाचौथ पर्व के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की जिला इकाई हिसार की ओर से 23 अक्टूबर को भव्य 'रामायणी' कार्यक्रम होगा। जिला अध्यक्ष एकता गर्ग के नेतृत्व में होने वाले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर संस्था सदस्य तैयारियों में जुटी हुई हैं। कार्यक्रम अग्रसेन भवन में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर कविता मित्तल, मीनू सिंगला, अनामिका, शिल्पा गुप्ता, रीटा गर्ग, मंजू बंसल, ममता केडिया, कल्पना, आशा गुप्ता और रेणु मंगल सहित संस्था की सदस्य मौजूद रहीं।

तिरुपति धाम में 27 से शुरू होगा ब्रह्मोत्सव

हिसार। तिरुपति बालाजी धाम में 27 अक्टूबर से सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव विधि-विधान से मनाया जाएगा। 2 नवंबर तक चलने वाले इस ब्रह्मोत्सव में हर रोज सुबह व सायं दिव्य वाहनों पर भगवान की सवारी निकलेंगी। श्रद्धालुओं को विशाल व नक्काशीयुक्त दिव्य रथ के दर्शन का भी अवसर मिलेगा। ब्रह्मोत्सव परम पद प्राप्त जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी के परम कृपापात्र स्वामी नारायणाचार्य महाराज के सान्निध्य में होगा।

ड्रग कंट्रोल विभाग ने कसा शिकंजा, आधा दर्जन से अधिक कैमिस्ट शॉप्स का रिकॉर्ड खंगाला

हांसी में मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी सेल परचेज रिकॉर्ड में मिलीं खामियां

विभाग दुकानदारों के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत नोटिस भेजकर मांगेगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर में दवाइयों की खरीद और बिक्री का रिकॉर्ड पूरी तरह दुरुस्त रखने और नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा कसता जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को ड्रग्स कंट्रोलर अजय कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से हांसी शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अग्रवाल मेडिकल स्टोर और नीलकंठ मेडिकल स्टोर सहित करीब आधा दर्जन दुकानों की जांच की, जिसमें कई जगहों पर गंभीर खामियां पाई गईं।

निरीक्षण के दौरान ड्रग्स कंट्रोलर की टीम ने मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों के सेल-परचेज (खरीद-बिक्री) रजिस्टर और अन्य रिकॉर्ड की गहनता से पड़ताल की। जांच में सामने आया कि कुछ दुकानदारों द्वारा नियमों के मुताबिक रिकॉर्ड का रखरखाव नहीं किया जा रहा है। विभाग ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकानदारों के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप

विभाग की इस अचानक हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई से शहर के अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में भी दिनभर हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने सभी दवा विक्रेताओं को कड़ी हिदायत दी है कि वे अपना स्टॉक और खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड पूरी तरह अपडेट रखें, अन्यथा भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे। इस संयुक्त निरीक्षण अभियान के दौरान शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह और पुलिस फार्मासिस्ट अमरजीत सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

हिसार के ड्रग्स कंट्रोलर इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि विभाग को अपने आंतरिक सूत्रों से यह सूचना मिली थी कि हांसी के कुछ मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों की खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड निर्धारित नियमों के अनुसार मेंटेन नहीं किया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर मंगलवार को यह विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अवैध रूप से चल रही गतिविधियों पर लगाम कसना और कारोबार में पारदर्शिता लाना था।

संतोषजनक जवाब न मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नोटिस जारी करने के बाद संचालकों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा। यदि किसी संचालक का जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है या नियमों का उल्लंघन स्पष्ट होता है, तो उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

छीनाझपटी के दोषियों को 5-5 साल की कैद

■ 2023 में 12 साल के बच्चे से छीना था 79,500 रुपयों से भरा बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने साल 2023 में 12 साल के बच्चे से 79,500 रुपये से भरा बैग छीनने के मामले में दो दोषियों को 5-5 साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत में चले अभियोग के अनुसार शहर पुलिस थाना ने 10 अप्रैल 2023 को छीनाछपटी का मामला दर्ज किया था। अंबेडकर बस्ती निवासी संतरा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने 12 वर्षीय पोते समीर के साथ तलाकी गेट के पास स्थित पीएनबी बैंक से 80 हजार रुपये निकलवाकर अपने घर लौट रही थी। उसने सामान खरीदने के लिए 500 रुपये अलग निकाल लिए थे, जबकि बाकी 79,500 रुपये एक बैग में रख लिए थे। इस बैग के भीतर बैंक की कॉपी, पहचान पत्र, मिलिट्री कार्ड, की-पैड मोबाइल फोन और अन्य जरूरी कागजात भी रखे हुए थे। संतरा देवी के अनुसार, वह बैग उनके पोते समीर के हाथ में था और वह उनके आगे-आगे चल रहा था।

इस दौरान दोपहर करीब 1 बजे जब वे सिविल अस्पताल गेट से कुछ पहले पहुंचे, तो वहां सड़क किनारे काले रंग की स्कूटी पर दो युवक खड़े थे। जैसे ही वे पास पहुंचे, तो स्कूटी पर पीछे बैठे युवक ने अचानक झपट्टा मारकर समीर के हाथ से पैसों से भरा बैग छीन लिया। इसके बाद दोनों आरोपी स्कूटी पर सवार होकर ऑटो मार्केट की तरफ फरार हो गए।

दादी-पोते ने शोर मचाते हुए उनका पीछा भी किया, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तुरंत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों सागर और रोहित को गिरफ्तार कर लिया था।

जीजेयू कुलसचिव की नियुक्ति का विवाद कानूनी गलियारों में पहुंचा

■ हरकत में आया तकनीकी शिक्षा विभाग, मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलसचिव पद पर डॉ. विजय कुमार की नियुक्ति को लेकर उठा विवाद अब प्रशासनिक से कानूनी और विभागीय गलियारों तक पहुंच गया है। कुलाधिपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव (उच्च शिक्षा) और महानिदेशक (तकनीकी शिक्षा) को भेजी गई शिकायत के बाद तकनीकी शिक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। सूत्रों के अनुसार, तकनीकी शिक्षा विभाग ने इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को बाकायदा पत्र लिखकर नियुक्ति प्रक्रिया, नियमों और पात्रता से जुड़ी पूरी जानकारी व रिपोर्ट तलब कर ली है। विभागीय सख्ती के बीच, अब कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले ने विश्वविद्यालय में शिकायत को दबाने या ठंडे बस्ते में डालने की किसी भी कोशिश पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय को लिखे गए पत्र के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए हैं।

जानिए... क्या है पूरा विवाद?

शिकायतकर्ता नरेश के. राव द्वारा राजभवन, मुख्यमंत्री व तकनीकी शिक्षा विभाग को भेजी गई शिकायत के अनुसार, डॉ. विजय कुमार की कुलसचिव पद पर नियुक्ति यूजीसी रेगुलेशन 2018 और जीजेयू अधिनियम 1995 के अध्यादेश 2(1) का खुला उल्लंघन है। नियमों के अनुसार, शिक्षण संकाय से कुलसचिव पद पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी का प्रोफेसर पद पर होना या सह-अध्यापक के रूप में 8 वर्ष की सेवा सहित कुल 15 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। शिकायत में रेखांकित किया गया है कि नियुक्ति के समय डॉ. विजय कुमार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सह-अध्यापक थे और उनके पास कुल मिलाकर लगभग 11 वर्ष का ही अनुभव था, जो तय मानकों से कम है। नियमों को ताक पर रखकर की गई इस नियुक्ति से वेतनमान और प्रशासनिक सुविधाओं के अंतर के कारण सरकारी खजाने पर लाखों रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है। शिकायत में नियुक्ति अधिसूचना तत्काल रद्द करने, उच्चस्तरीय सतर्कता जांच और लिए गए अतिरिक्त वेतन-भत्तों की रिकवरी के साथ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की गई है।

पंचायत की ओर से बनवाई जा रही नाली उखाड़ने का आरोप

डाटा गांव में नाली बनाने को लेकर खूनी संघर्ष, पिता-पुत्र समेत 3 जख्मी

60 वर्षीय बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोट, मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

डाटा गांव में मंगलवार सुबह गली के पानी की निकासी के लिए बनाई जा रही नाली को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पंचायत की ओर से करवाए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच हाथापाई में बदल गई। झगड़े में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीय बलवान के सिर में चोट आई है। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 9 बजे डाटा गांव में रविदास मंदिर के पीछे गली का निर्माण करवाया जा रहा था। गली एक तरफ से बंद थी और गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां बनाई जा रही थीं। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने नाली बनाने का विरोध किया। आरोप है कि विरोध के दौरान नाली उखाड़ दी गई। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में झगड़े में बदल गई।



प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर

झगड़े में बलवान, उसका 50 वर्षीय भाई रणबीर और बलवान का 22 वर्षीय बेटा सचिन घायल हो गए। परिजन तीनों को एंबुलेंस की मदद से हांसी के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए हिसार रेफर कर दिया।

विवाद की मिली है सूचना : सतपाल

गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतपाल शर्मा ने बताया कि घटना के समय वह किसी काम से बाहर थे। उन्हें विवाद की सूचना मिली है। उनके अनुसार, पंचायत की ओर से गली का निर्माण सही जगह पर करवाया जा रहा था। इसी दौरान एक पक्ष द्वारा नाली उखाड़ने के बाद विवाद हुआ। उन्होंने कहा कि गांव लौटने के बाद पूरे मामले की जानकारी लेंगे। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस द्वारा झगड़े के कारणों और दोनों पक्षों के आरोपों की जांच की जा रही है।

जेसीबी लेकर उतरी निगम टीम, सिटी थाना रोड व प्रमुख बाजारों से हटाया अतिक्रमण

हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से नगर निगम का विशेष अभियान लगातार जारी है। मेयर प्रवीण पोपली के निर्देश तथा अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के मार्गदर्शन में मंगलवार को निगम की टीम ने जेसीबी लेकर शहर के विभिन्न हिस्सों में पहुंची और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने अभियान की शुरुआत सिटी थाना रोड से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से की। इस स्थान पर लोहे के पाइप लगाकर अतिक्रमण किया हुआ था। इसके बाद साउथ बाइपास रोड के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही नई सब्जी मंडी रोड, राजगुरु मार्केट, बालाजी मार्केट, पूजा मार्केट, आर्य बाजार, पुल तेलियान, बिश्नोई मार्केट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा तलाकी गेट से विश्वकर्मा



धर्मशाला ऋषि नगर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। बस स्टैंड से लेकर सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की। एमसी-डीसी कॉलोनी मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान 3 से 4 दुकानदारों और 2 से 3 रेहड़ी संचालकों को सामान जब्त किया। की। टीम ने शहर के दुकानदारों और नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

पिकअप में ठूंस रखी थीं 32 भेड़ चालक समेत चार पर केस दर्ज

नारनौंद। पुलिस ने माजरा प्याऊ पर चेकिंग अभियान चलाकर एक गाड़ी की चेकिंग की तो उसके पीछे केबिन में 32 भेड़ ठूंस-ठूंसकर भरी हुई थी। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस की टीम ने बताया कि वे चेकिंग के दौरान जींद-हांसी सड़क मार्ग पर गांव माजरा प्याऊ चौक पर मौजूद थे। टीम ने हांसी की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की बोलेरो पिकअप डाला गाडी के चालक को रूकने का इशारा किया तो गाडी चालक ने गाड़ी रोक दी। गाड़ी चैक करने के दौरान चालक पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम कुलदीप निवासी उमरा व चालक के साथ बैठे अन्य व्यक्तियों की पहचान सुखबीर, रवि व अनिल निवासी गांव उमरा के रूप में हुई। गाड़ी को चैक किया तो उसमें 32 भेड़ ठूस-ठूस कर भरी हुई थी। जो गाडी में पशुओं के लिए चारा व पानी भी नहीं रखा हुआ था। सभी 32 भेड को कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपित युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

सीएम 19 को करेंगे सात दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव का शुभारंभ

डीसी ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी में 19 से 25 अक्टूबर तक सात दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 19 अक्टूबर को महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीसी राहुल नरवाल ने मंगलवार को जिला सचिवालय के वीसी सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार जिम्मेदारियां सौंपीं। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन को महोत्सव का ओवरऑल प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी तालमेल के साथ निर्धारित समय सीमा में सभी तैयारियां पूरी करें। आयोजन के दौरान आने वाले आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि तैयारियों और आयोजन से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पहले चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के एसीएस अमित अग्रवाल ने महोत्सव और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी राहुल नरवाल ने उन्हें आश्वस्त किया कि महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ व्यवस्थित तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वे भी राखीगढ़ी का दौरा कर चुके हैं।

एडीसी सरीन होंगे ओवरऑल प्रभारी



महोत्सव के दौरान खेल प्रतियोगिताओं, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और कला को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, वहीं आगंतुक राखीगढ़ी की ऐतिहासिक पहचान से भी रूबरू हो सकेंगे। महोत्सव स्थल पर करीब 80 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें स्वयं सहायता समूहों और अन्य उद्यमियों के विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था भी रहेगी। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ, एसडीएम विकास यादव, सीटीएम हिमांशु चौहान, डीएसपी नारनौंद, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



एसपी ने सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

नारनौंद। राखीगढ़ी महोत्सव में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने राखीगढ़ी स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल सहित आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, हेलीपैड, रूट प्लान और कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों के साथ प्रस्तावित दौरे के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने वाले मार्गों, यातायात के सुचारू संचालन, वाहनों की पार्किंग तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण किया। एसपी विनोद कुमार ने गांव के स्टेडियम में हेलीपैड और निर्धारित रूट व्यवस्था का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने राखीगढ़ी के ऐतिहासिक टीलों और म्यूजियम का भी दौरा किया। इस अवसर पर डीएसपी देवेंद्र नैन, थाना प्रभारी जितेंद्र ढिल्लों विशेष तौर पर मौजूद थे।

निर्माण एजेंसियों को परियोजना पर जल्द काम शुरू करने के निर्देश

'यू-शेप' में बनेगी शहर की मल्टी स्टोरी पार्किंग

सीएम घोषणाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों पर डीसी ने संबंधित अधिकारी से की जवाबतलबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों की अब खैर नहीं होगी। मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने सख्त लहजे में हिदायत दी कि मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर भी नजर आनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन अपेक्षाओं से जुड़ी इन योजनाओं में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

बैठक में हिसार शहर में प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण को लेकर गहन चर्चा हुई। अधिकारियों ने उपायुक्त को अवगत कराया कि पार्किंग की पुरानी ड्राइंग में संशोधन किया गया है और अब इसका नया डिजाइन 'यू-शेप' का तैयार किया गया है। उपायुक्त ने नगर निगम व संबंधित निर्माण एजेंसियों को इस परियोजना पर जल्द से जल्द धरातली काम शुरू करने के निर्देश दिए।

स्टड फार्म आरओबी पर देरी पर लिया कड़ा संज्ञान

स्टड फार्म के समीप रेलवे लाइन पर आरओबी निर्माण में हो रही देरी पर उपायुक्त ने कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025 में इस आरओबी के टेंडर जारी किए गए थे, लेकिन तकनीकी बदलावों के कारण प्रक्रिया रोकनी पड़ी थी। अब जल्द ही नए सिरे से टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों की प्रतिदिन निगरानी (डेली मॉनिटरिंग) करें और मौके पर जाकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचें। यदि किसी परियोजना में जमीन, बजट या प्रशासनिक स्तर पर कोई रुकावट आ रही है, तो उसे तुरंत जिला प्रशासन के समक्ष उठाएं ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसीयूटी विवेक यादव, नगराधीश रोहित कुमार और सीएमजीजीए अमोल आदि थे।

जानिए... किस परियोजना की क्या है स्थिति

बरवाला सामुदायिक केंद्र: कम्युनिटी सेंटर का निर्माण तेजी से चल रहा है, जो 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा।
खरड़ में कुश्ती हॉल: खरड़ में कुश्ती हॉल का निर्माण सितंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।
मंगाली में परचेज सेंटर: गांव मंगाली में परचेज सेंटर की स्थापना को लेकर प्रशासनिक प्रक्रिया जारी है।
हवाई अड्डा व अग्रोहा प्रोजेक्ट: अग्रोहा में संग्रहालय निर्माण, पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के लिए भूमि का चयन तथा हिसार हवाई अड्डा परिसर में महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए।



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नजर खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लोन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा

मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'



द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज

रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायण: पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम-जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

- **रामायण: पार्ट-** नवंबर 2026
- **वाल्मिकी रामायण-** 2026 (संभावित)
- **तेरा साईं-** फरवरी 2027
- **चिरंजीवी हनुमान: द इटरनल-** फरवरी 2027 (संभावित)
- **हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा-** 2027
- **कृष्णावतारम पार्ट 2-** 2027 में संभावित
- **महावतार परशुराम-** दिसंबर 2027
- **राम बोला-** 2027 में फ्लोर पर आएगी
- **हनुमान अंश 2-** अनाउंस नहीं हुई है।

खबर संक्षेप

प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस कार्रवाई की निंदा की

हिसार। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की हरियाणा राज्य कमेटी ने दिल्ली में छात्राओं और महिला कार्यकताओं के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट, दुर्व्यवहार और जबरन हिरासत में लिए जाने की निंदा की है। समिति की प्रधान विद्या व सचिव बबली लाम्बा ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना सभी का संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है। इस अधिकार का इस्तेमाल करने वाली युवा महिलाओं पर पुलिस बल का प्रयोग करना और उनकी आवाज दबाने की कोशिश करना लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। पुलिस का काम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है, न कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को डराना और प्रताड़ित करना।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पदभार संभाला

हिसार। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज हरियाणा के तत्वावधान में महाराजा अजमीढ़ की जंयती समारोह के साथ नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ व पद ग्रहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अखिल भारतीय मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रदेशाध्यक्ष लखी राम सोनी ने समारोह में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल चौहान ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि अतिथि के तौर पर शिरकत की। अखिल भारतीय मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मायच्छ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अखिल भारतीय मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सज्जन लावट अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने किया मसूरी व देहरादून का शैक्षिक भ्रमण

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए तक मसूरी और देहरादून का शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में 41 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान डॉ. आस्था दीवान, इंजीनियर सुनील कुंडू, डॉ. मनीषा मलिक, डॉ. अनीता खटक, राजकुमार व मनोज विद्यार्थियों के साथ रहे। शैक्षणिक भ्रमण रवाना होने से पहले विभाग की अध्यक्षा डॉ. आराधिता बर्मन रे ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई।

छवि सरदाना को किया सम्मानित

हिसार। एचसीएस परीक्षा में पूरे प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली डोगरान मोहल्ला निवासी छवि सरदाना को अखिल भारतीय अरोड़ा खत्री पंजाबी समुदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ के नेतृत्व में उनके निवास पर पहुंचकर पगड़ी, बुके, फूलमाला पटका देकर शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर चरणजीत सरदाना, कमल हांडा, संजय मुंजाल, पवन रूखाया, रामचंद्र सेठी, रविकुमार हांडा आदि रहे।

27 पुलिस कर्मचारियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

हिसार। पुलिस अस्पताल, नई पुलिस लाइन में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस के 27 कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। मुख्य ड्रिल प्रशिक्षक मनोज ने 39 बार रक्तदान किया।

नगर निगम ने चलाया जागरूकता अभियान

हिसार। सेवा संकल्प अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डीसी-एमसी कॉलोनी मार्केट स्थित भारत माता पार्क में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मार्केट कमेटी के सदस्यों और दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। निगम की टीम ने बाजार क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने, कचरे का उचित निपटान करने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने का संदेश दिया।

आज शहर में निकलेगी श्रीराम की भव्य बारात शोभा-यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में चल रही कटला रामलीला के तीसरे दिन विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालु श्रीराम जन्म प्रसंग देखकर अभिभूत हो गए। पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। तृतीय दिवस अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्वामी श्रीराम वल्लभ शर्मा के सान्निध्य में वृंदावन के उच्चकोटि के कलाकारों ने श्रीराम जन्म, विश्वामित्र आगमन व ताडक़ा वध का प्रभावशाली मंचन किया। इस अवसर पर उद्योगपति राजकुमार गुप्ता मुख्यातिथि रहे और भाविप के जिला अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया व उद्योगपति साहिल गोयल बतौर अति विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान ब्रह्मानंद, पुरुषोत्तम तायल, रामनिवास गोयल, अनिल सिंगला मंगालीवाले व रामअवतार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल, सह सचिव राजकुमार जैन ने उपस्थिति दर्ज करवाई। प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि 14 अक्टूबर को प्रभु श्रीराम की भव्य बारात शोभा-यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में विभिन्न संदेशपरक झांकियां रहेंगी।

कटला रामलीला में श्रीराम के जन्म से पूरा पंडाल श्रीराममय, लगे जयकारे

तीसरे दिन विश्वामित्र का आगमन और ताड़का वध का प्रभावशाली मंचन, भक्तों का मोहा-मन



हिसार। कटला रामलीला में श्रीराम जन्म के प्रसंग का मंचन करते कलाकार।



हिसार : रामलीला का मंचन करते कलाकार।

अहिल्या उद्धार के मनमोहक प्रसंगों का हुआ मंचन

हिसार। श्री बद्री-केदार रामलीला समिति, विद्युत नगर द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रामलीला के तीसरे दिन वृंदावन धाम (मथुरा) से पधारे स्वामी देवेंद्र शास्त्री के निर्देशन में कलाकारों ने ताड़का वध और अहिल्या उद्धार के अत्यंत मनमोहक प्रसंगों का मंचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरियाणा गौ सेवा आयोग के सदस्य अनिल कुमार गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता बिजली निगम के वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी विजय गुप्ता ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय मित्तल उपस्थित रहे। लीला के दौरान कलाकारों ने सजीव अभिनय से दर्शाया कि माता ताड़का के वध की सूचना मिलने पर उसका पुत्र सुबाहु अपने भाई मारीच और अन्य राक्षसों के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से युद्ध करने पहुंचता है। भगवान श्रीराम ने दुष्ट सुबाहु का वध कर दिया और मारीच को बाण मारकर दूर खदेड़ दिया। इसके उपरांत श्रीराम व लक्ष्मण ने महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ को सुरक्षित संपन्न कराया। इसके बाद गुरु विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण को गंगा घाट के निकट ले गए, जहां एक विशाल पत्थर को देखकर उन्होंने माता अहिल्या की श्राप कथा सुनाई।

श्रवण कुमार के त्याग और समर्पण ने जीता श्रद्धालुओं का दिल



नारनौंद। माता-पिता की सेवा का कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन उनके प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण ही संतान के संस्कारों की असली पहचान है। इसी भावुक संदेश को लेकर गांव लोहारी राघो में श्रीरामा रामलीला क्लब के बैनर तले चल रही 77 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रामलीला में श्रवण लीला का शानदार मंचन किया गया। श्रवण कुमार के त्याग, माता-पिता के प्रति अटूट प्रेम और उनकी सेवा के लिए समर्पण को देखकर पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कलाकारों के सजीव अभिनय और मार्मिक संवादों ने ऐसा समां बांधा कि कई दर्शकों का गला भर आया। इस प्रस्तुति ने समाज को याद दिलाया कि माता-पिता का सम्मान और उनकी सेवा करना हर संतान का परम कर्तव्य है। रामलीला का शुभारंभ सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर चंद्रभान मुंडा ने किया। रामलीला के प्रसंग के अनुसार श्रवण कुमार अपने नेत्रहीन माता-पिता की आंखों की रोशनी लौटाने की कामना को लेकर राजा दशरथ के दरबार में पहुंचे, जहां गुरु वशिष्ठ के उपाय बताने पर वे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा पर निकल पड़े। यात्रा के दौरान पानी की तलाश में गए श्रवण कुमार पर राजा दशरथ ने जंगली जानवर की आहट समझकर तीर चला दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।पुत्र की मृत्यु का समाचार मिलने पर शोक में डूबे नेत्रहीन माता-पिता ने राजा दशरथ को भी पुत्र वियोग में तड़पने का श्राप दिया।कलाकारों के सजीव अभिनय और मार्मिक संवादों ने पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं, जो समाज को माता-पिता की सेवा और उनके सम्मान का संदेश देता है।

मुलतानी चौक पार्क में बड़े पदे पर रामलीला का दूसरा दिन



हिसार। श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर आयोजित रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म और उनके बाल्यकाल के सुंदर प्रसंगों का मंचन किया गया। इस रामलीला का शुभारंभ समाजसेवी रमेश आहुजा व सीए नितेश अग्रवाल ने राम दरबार की आरती कर किया। संचालन महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने किया। राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से ऋंगी ऋषि द्वारा पुत्रकामेष्टि यज्ञ संपन्न कराया, जिससे प्रसन्न होकर अग्निदेव ने हविष्यपात्र (खीर) प्रदान किया। खीर के सेवन से कौशल्या के गर्भ से राम, कैकेयी से भरत तथा सुमित्रा से लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। विश्वामित्र के साथ आश्रम गए राम और लक्ष्मण ने ताड़का, सुबाहु और मारीच जैसे राक्षसों का संहार किया, जिससे दर्शकों ने 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाए। सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ ने बताया कि मुलतानी चौक पार्क में यह रामलीला 19 अक्टूबर तक दिखाई जाएगी। 20 अक्टूबर को सायं 5 बजे नई सब्जी मंडी में 78वें दशहरा महोत्सव के तहत भव्य आतिशबाजी के साथ रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा।



न्यायिक परिसर में वकीलों ने दिया धरना

हिसार। लोकतंत्र, संविधान और निष्पक्ष चुनाव के मुद्दे पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक परिसर में सांकेतिक धरना देकर मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। एडवोकेट एमके अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए धरने में वकीलों ने मोदी और ज्ञानेश कुमार के ख़िलाफ़ के नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की आवाज और जनता के सवालों का सामना करने के बजाय असहमति को दबाने का रास्ता अपना रही है। अधिवक्ताओं ने जंतर-मंतर को धरना स्थलों की सूची से हटाने के मुद्दे पर कड़ी आपत्ति जताई और दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव, स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाओं और शांतिपूर्ण आंदोलन के अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। धरने में जिला बार एसोसिएशन के उपप्रधान राहुल लुआस, सेक्रेटरी समीर सिहाग, जॉइंट सेक्रेटरी साहिल मदेरणा, सदस्य राजबीर पूनियां, जगदीश बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष कमल सिंह, रामनिवास चौधरी, सोमदत्त शर्मा, अजय चौधरी, रामकुमार सोलंकी, छाजूराम, एसपी अग्रवाल, रोहित मल्हान, कुलदीप कोचर, अजीत सिंह, रामपाल कोहाड़, मुकेश कुमार, दलीप गोदारा आदि रहे।

भाकियू ने अनाज मंडी में खरीद में धांधली को लेकर की नारेबाजी

- धांधली दूर नहीं होने पर मंडियों की तालाबंदी करने का अल्टीमेटम दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद



नारनौंद। अनाज मंडी में प्रदर्शन करते भाकियू के सदस्य व किसान।

नारनौंद क्षेत्र की तीनों अनाज मंडियों में धान और बाजरा की फसल की खरीद शुरू हो गई हैं लेकिन खरीद में हो रही कथित धांधली को लेकर भारतीय किसान यूनियन और किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सरकार को अल्टीमेटम दिया कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की अनदेखी की गई तो मंडी पर ताला जड़ दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के अध्यक्ष अभिमन्यु कोहाड़, हर्षदीप गिल, बलवान लोहान, दशरथ मलिक, जगबीर माजरा, रोहतास डाटा, करण देपल, वीरेंद्र खोखर आदि ने बताया कि अनाज मंडी में किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है। किसान की गैर मौजूदगी में आढ़ती उसकी फसल मिलर को बेच देते हैं। वही फसल में नमी ज्यादा दिखाकर उनके साथ धांधली का खेल खेल रहे हैं। मार्केट कमेटी के सचिव रवि श्योरान ने बताया कि नारनौंद, लोहारी राघो और खेड़ी जालब में सुचारू रूप से धान की फसल की खरीददारी चल रही है। कमेटी के चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान ने बताया कि अनाज मंडी में किसानों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। खरीद भी सुचारू रूप से शुरू हो गई है अगर किसी भी किसान को मंडी में कोई परेशानी है तो वह कार्यालय में आकर शिकायत कर सकता है।

न्यूज डायरी



डॉ.कृष्ण कुमार बने राजकीय कॉलेज के प्राचार्य

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को डॉ. कृष्ण कुमार ने प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। हिसार जिले के पनिहारी गांव के डॉ. कृष्ण कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 25 वर्षों का अनुभव है। प्राचार्य का दायित्व संभालने से पहले उन्होंने नरवाना में समाजशास्त्र के प्राध्यापक के रूप में सेवाएं दीं। अध्यापन के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों का उनका व्यापक अनुभव संस्थान के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। उनका दीर्घ अनुभव इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पदभार ग्रहण करने के बाद प्राचार्य ने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया।



सीएम को दिया संत नामदेव प्रकाश दिवस का निमंत्रण

हिसार। आगामी 18 अक्टूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-21 स्थित नामदेव भवन में गुरु संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का 756वां प्रकाश दिवस एवं जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए नामदेव सभा हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में उनसे मुलाकात कर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर नामदेव सभा हरियाणा के अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला।

राज्य स्तरीय क्विज स्पर्धा में कॉलेज हांसी रहा प्रथम

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस, कॉमर्स एवं इकोनॉमिक्स विभागों के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 'ज्ञान त्रिवेणी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रमेश आर्य, निदेशक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से कुल 17 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय महाविद्यालय हांसी से तनिशा, अक्षरा टुटेजा, मोहित और दूसरे स्थान पर एफजीएम राजकीय महाविद्यालय आदमपुर से प्रीतिका, आरजू, सचिन कुमार और तृतीय स्थान पर मनोहर मेमोरियल कॉलेज से सिमरन, उपमन्यु, कल्पना रहे।

गणेश रामलीला में सीता स्वयंवर का शानदार मंचन

आदमपुर। कॉलेज रोड गणेश रामलीला में सीता स्वयंवर का शानदार मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ समाजसेवी प्रदीप बेनीवाल एवं रामचरितमानस सुंदरकांड प्रचारिणी सभा के राजेंद्र भारती, दिनेश गर्ग, राजकुमार इलाहाबादी, कश्मीरी लाल आदि ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि बेनीवाल ने कहा कि ने कहा कि हमें रामलीला के पात्रों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हमें आपसी भाईचारा प्रेम प्यार, भाई से भाई का प्यार, त्याग, सेवा भावना, पति सेवा, दोस्ती, अन्य रामलीला के पात्रों से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। संस्था की तरफ से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सीता हरण की कथा सुन भावुक हुए श्रद्धालु

हिसार। श्यामसुख गांव स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री सिद्ध बाबा अनूपगिरी अखाड़े में नवरात्रि व दशहरे के उपलक्ष्य में चल रहे नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ व मां दुर्गा की अखंड ज्योत के तीसरे दिन अरण्यकांड का पाठ किया गया। अखाड़े के गद्दीनशीन महंत मुकेश गिरी ने बताया कि अखंड रामायण पाठ फतेहाबाद जिले के प्रसिद्ध हड़ोली डेरे से आए महाराज खुशी गिरी व सुखदेव पुरी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीसरे दिन रामायण के अरण्यकांड का पाठ किया गया।

एसडी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के कक्षा 11वीं कॉमर्स के विद्यार्थियों ने भिवानी स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के टेक्सटाइल डिवीजन का शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बड़े पैमाने पर उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, ब्रांडिंग, विशेष रूप से लीवा ब्रांड, औद्योगिक सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को करीब से समझा और व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी हासिल की। इस अवसर पर भिवानी डिवीजन के सीईओ अरुण प्रताप और असिस्टेंट मैनेजर ईशा वालिया ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु सिंह, प्रबंधन समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग और सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने इस अवसर के लिए ग्रासिम इंडस्ट्रीज की टीम का आभार व्यक्त किया।



हांसी। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के टेक्सटाइल डिवीजन का शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण करते विद्यार्थी।

सड़क सुरक्षा क्विज द्वितीय की तैयारियां पूरी

हिसार। सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता के दूसरे चरण का आयोजन 14 अक्टूबर को जिले में ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, जिले के आदमपुर, अग्रोहा, बरवाला, हिसार-1, हिसार-2 और उकलाना ब्लॉक में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

खंड स्तरीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- डीईओ ने विद्यार्थियों के प्रयास का सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला



बरवाला। दीप प्रज्ज्वलित करके प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन व अन्य।

खंड बरवाला की खंड स्तर पर राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सरसौद बिचपड़ी में किया गया। इस प्रदर्शनी में खंड बरवाला के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा लगभग 80 विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए। बीआरपी रजनी वलेचा ने बताया कि कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, हिसार राम रतन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी, बरवाला जिले सिंह ने की। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उमेश गुप्ता रहे। प्रदर्शनी में प्रतिभागियों का पंजीकरण ज्योति, उषा एवं पूनम द्वारा किया गया।

आंदोलनकारियों को दबाने की बजाय उनकी मांगें माने सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



मनोज राठी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को दबाने के कथित प्रयासों की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आंदोलनकारियों की मांगें मानने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। राठी ने आंदोलन के दौरान महिलाओं और लड़कियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता। यदि किसी ने पुलिस या सत्ता के संरक्षण में दुर्व्यवहार किया है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी। राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के मुद्दे पर मजबूती से आवाज उठाती रहेगी।

खबर संक्षेप

शिवालय मंदिर में मां चंद्रघंटा की हुई पूजा

हिसार। श्री प्रयागगिरि शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग ने शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना व पुष्पामाला अर्पण की। इस अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और स्वास्थ्य की कामना की।

आदमपुर में बजरंग गर्ग आज देंगे अग्रोहा मेले का न्योता

आदमपुर। अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशाल अग्रोहा मेले की तैयारियों को लेकर बुधवार को आदमपुर में बैठक होगी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष घीसाराम जैन व धाम के प्रदेश युवा सचिव गौरव सिंगला ने बताया कि अग्रोहा विकास ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग दोपहर तीन बजे आदमपुर स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पहुंचेंगे और क्षेत्रवासियों को मेले का न्योता देंगे। बैठक में मेले की तैयारियों, अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आयोजन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की जाएगी।

पिस्तौल व 14 कारतूस समेत एक गिरफ्तार

हिसार। सीआईए मिल गेट टीम ने महाबीर कॉलोनी से रूप नगर निवासी सूरज को एक अवैध पिस्तौल व 14 कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए मिल गेट प्रभारी जगदीश ने बताया कि उनकी टीम महाबीर कॉलोनी क्षेत्र में गश्त व अपराध जांच के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरज को काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तोल व 14 कारतूस बरामद हुए।

अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ एक काबू

हांसी। पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुल्तानपुर निवासी अंकित उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 की टीम ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। मुख्य सिपाही मनीष ने बताया कि सीआईए-2 की टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि सुल्तानपुर निवासी अंकित उर्फ सोनू अवैध हथियार लेकर घूम रहा है।

नियमों की अनदेखी पर नगर निगम ने किए 6 चालान

हिसार। शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम ने नियमों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। निगम की टीम ने नई सब्जी मंडी रोड और डाबड़ा चौक के आसपास निरीक्षण कर छह दुकानदारों के चालान किए। इन पर कुल 2,800 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी कड़ी में सीटीएल प्रदीप जाखड़ और तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू ने दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान तीन दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का इस्तेमाल करते पाए गए। वहीं, तीन दुकानदारों ने अपनी दुकानों में डस्टबिन नहीं रखे हुए थे।

सीएम की समीक्षा बैठक के बाद बिजली निगमों ने कसी कमर

लंबित बिलिंग मामलों पर सख्ती, इस माह अधिकतम निपटारे के निर्देश

सभी सर्कलों से मांगी कार्ययोजना, खराब मीटर बदलने और उपभोक्ता शिकायतों के समाधान पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

दक्षिण एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगमों में लंबित प्रोविजनल बिलिंग मामलों के निपटारे, खराब बिजली मीटरों को बदलने और उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाया है। दोनों निगमों के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने अधिकारियों को चालू माह के दौरान अधिकतम प्रगति सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों के निपटारे के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में बड़ी संख्या में लंबित प्रोविजनल बिलिंग मामलों पर गंभीरता से संज्ञान लिए जाने के बाद निगम प्रबंधन ने इन मामलों के शीघ्र समाधान को प्राथमिकता दी है। प्रबंध निदेशक ने सभी सर्कलों को निर्देश दिए हैं कि लंबित मामलों का विस्तृत विश्लेषण कर उन्हें नियमित बिलिंग व्यवस्था में लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। इसमें खराब मीटरों को बदलने, लंबित मामलों के कारणों की पहचान करने और प्रत्येक मामले के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सोशल मीडिया पर शिकायतों का त्वरित



विक्रम सिंह, प्रबंध निदेशक।

निगम प्रबंधन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्राप्त हो रही शिकायतों को भी गंभीरता से लिया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक शिकायत का समय पर संज्ञान लेकर त्वरित जवाब दिया जाए तथा जहां आवश्यक हो, संबंधित समस्या का समाधान भी सुनिश्चित किया जाए। जनसंपर्क अधिकारी संजय चुघ ने बताया कि प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित निगरानी करने और निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार ठोस प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

गेट के सामने और सार्वजनिक स्थानों पर बाधा बने बिजली के खंभे हटेंगे

विक्रम सिंह ने गेट के सामने तथा सार्वजनिक आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले स्थानों पर लगे बिजली के खंभों को शिफ्ट करने के मामलों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को ऐसे मामलों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है, ताकि आमजन को होने वाली असुविधा दूर की जा सके।

गुरुग्राम और फरीदाबाद में बिजली आपूर्ति शिकायतों का होगा विश्लेषण: प्रबंध निदेशक ने गुरुग्राम और फरीदाबाद में बिजली आपूर्ति बाधित होने से संबंधित बड़ी संख्या में मिल रही शिकायतों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कॉल सेंटर पर उपभोक्ताओं की टेलीफोन कॉल अटेंड नहीं होने के मामलों की भी समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों को शिकायतों के कारणों का पता लगाकर सुधारात्मक कदम उठाने को कहा गया है, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर सहायता मिल सके और शिकायतों का प्रभावी निपटारा सुनिश्चित हो।

18 दंपतियों ने किया एक साथ रक्तदान



हांसी। अग्रसेन जयंती महोत्सव में रक्तदान करने वाले दंपति की हौसला अफजाई करते अग्रबंधु परिषद सदस्य।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में 51 लोगों ने किया रक्तदान
रक्तदान जरूरतमंद को जीवनदान देने का सशक्त माध्यम : रतेरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रबन्धु परिषद की ओर से मंगलवार को बस स्टैंड के सामने स्थित मंगलम ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 18 जोड़ियों सहित कुल 51 लोगों ने रक्तदान कर मानवता और सामाजिक सेवा का संदेश दिया। शिविर की अध्यक्षता धर्मवीर रतेरिया ने की। धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद को जीवनदान देने का सशक्त माध्यम है। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों, ऑपरेशन और प्रसव के दौरान रक्त की जरूरत पड़ती है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं होने के कारण स्वैच्छिक रक्तदान का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियां दूर करने और युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। शिविर के आयोजन में परिषद के संरक्षक कमलेश गर्ग और प्रवीण बंसल सहित कार्यक्रम संयोजक मनमोहन तायल, गौरव बंसल, मुदित जैन, सोनू खांडा वाले और शुभम सिंगला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचे रक्तदाता

शिविर में विराग गर्ग ने पत्नी ऋतु गर्ग, एडवोकेट मनोज जैन ने पत्नी युक्ता जैन और कपिल बंसल ने पत्नी बेबी बंसल के साथ रक्तदान किया। रमेश सिंगला ने भाई संदीप सिंगला और पुत्र गौरव भारतीय के साथ, जबकि अंकुर गर्ग ने भाइयों ध्रुव गर्ग और राघव गर्ग के साथ रक्तदान किया। कृष्ण मित्तल, आकाश गर्ग और हन्नी गर्ग ने भी अपने भाइयों के साथ रक्तदान कर सहभागिता निभाई।

खो-खो प्रतियोगिता में हिंदू स्कूल का शानदार प्रदर्शन



हांसी। खो खो प्रतियोगिता में विजेता रहने वाली टीम को सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

खो-खो प्रतियोगिता में हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। ढाणी पीरांवाली में आयोजित खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की लड़कों की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों की टीम ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। दोनों टीमों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई दी। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के खो-खो कोच वीरेंद्र दलाल ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करवाकर उनकी खेल क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, गति, सहनशक्ति और टीम समन्वय पर विशेष ध्यान दिया।

- लड़कों की टीम प्रथम और लड़कियों की टीम रही तृतीय

यातायात नियमों की अनदेखी करने वाली बसों पर पुलिस की सख्ती

हिसार। यातायात नियमों की अनदेखी के खिलाफ पुलिस ने सख्ती दिखाई हुई है। इसी कड़ी में यातायात प्रभारी इंस्पेक्टर चंद्रभान की टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्रेशर हॉर्न लगे होने पर तीन निजी बसों के 10,000-10,000 रुपये के चालान किए। यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान हरियाणा राज्य परिवहन हिसार डिपो की एक बस में प्रेशर हॉर्न लगा हुआ पाया। इसके अतिरिक्त बस चालक के पास आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे। यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने उक्त बस का 20,000 रुपये का चालान किया तथा बस को इंपाउंड कर दिया।

- प्रेशर हॉर्न लगे रोडवेज हिसार डिपो की बस का 20 हजार का चालान
- बस इंपाउंड, तीन निजी बसों पर भी 10-10 हजार का जुर्माना

गंगवा के कैंप कार्यालय पर 24 से पड़ाव

- पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का ऐलान
- सहमति के बावजूद मांगें पूरी नहीं होने पर सरकार के खिलाफ बढ़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

मांगों पर सहमति के बावजूद समाधान नहीं होने से नाराज पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। यूनियन की सिंचाई विभाग शाखा हांसी की मंगलवार को हुई आमसभा में निर्णय लिया गया कि 24 अक्टूबर को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित कैंप कार्यालय पर हजारों कर्मचारी आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन पड़ाव शुरू किया जाएगा। यूनियन ने बताया कि आंदोलन को लेकर संबंधित पक्ष को नोटिस भी दिया जा चुका है। आमसभा की अध्यक्षता शाखा प्रधान अशोक यादव ने की और संचालन शाखा सचिव संदीप फौजी ने किया। इसमें सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, राज्य उपप्रधान संदीप पूनिया, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मॉल, ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र शर्मा और जनस्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन राजेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



हांसी। कैबिनेट मंत्री के कैंप कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने को लेकर रणनीति बनाते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

वार्ता के बाद भी नहीं निकला समाधान

यूनियन नेताओं सुरेंद्र यादव, संदीप पूनिया और अशोक यादव ने आरोप लगाया कि 18 जुलाई को मंत्री के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद 28 जुलाई को चंडीगढ़ में राज्य कमेटी की मंत्री के साथ वार्ता हुई थी। नेताओं के अनुसार, बैठक में मांगों पर सहमति बनने के बावजूद कार्यवाही विवरण (मिनट्स ऑफ मीटिंग) सहमति के अनुरूप जारी नहीं किया गया। इस पर राज्य कमेटी ने 25 अगस्त को लिखित विरोध भी दर्ज कराया, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आमसभा में कर्मचारियों ने सरकार की कार्यप्रणाली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए 24 अक्टूबर के प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

मकान में चोरी करने के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने सेक्टर-3 स्थित एक मकान में चोरी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में चोरीशुदा सामान खरीदने के आरोप में एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी अमन से चोरीशुदा टोंटियां व अन्य लोहे का सामान बरामद किया है। प्रभारी चौकी सूर्यनगर पीएसएआई शीशपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता विजय कुमार निवासी तिलक नगर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने करीब 10 दिन पहले सेक्टर-3 स्थित मकान किराये पर लिया था। मकान की सफाई करवाने के बाद वह 11 अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे मकान पर पहुंचा तो वहां से टोंटियां, एक झूमर, 16 हैंडल, एसी की वायर सहित अन्य सामान गायब मिला। मकान में कुछ सामान की तोड़फोड़ कर नुकसान भी पहुंचाया गया था। शिकायतकर्ता ने चोरी हुए सामान की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई थी। शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एएसआई सुनीता ने आरोपी बादल उर्फ कुन्दन, संतोष उर्फ बच्ची, नमन और श्यामसुन्दर को गिरफ्तार किया।

झुग्गियों में आग लगने से मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सेक्टर-33 के समीप बनी झुग्गियों में मंगलवार सुबह अचानक भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक झुग्गियां जलकर पूरी तरह राख हो गईं और अंदर रखा सारा सामान भी जलकर स्वाहा हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ियों और पुलिस मौक पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस समय झुग्गियों में यह आग भड़की, उस वक्त परिवारों के मुखिया और अधिकांश सदस्य दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। जब आसपास के लोगों ने झुग्गियों से धुआं और ऊंची लपटें उठती देखीं, तो तुरंत इसकी सूचना प्रभावित परिवारों और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही मजदूर वापस मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी सामान जल चुका था। फिलहाल आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। गनीमत यह रही कि समय रहते लोग वहां नहीं थे, जिससे कोई बड़ा जानी नुकसान होने से टल गया।



हिसार। झुग्गियों में लगी आग।

डॉ. वंदना को प्रिंटिंग शिक्षा एवं शोध में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रिंट गुरु सम्मान

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षा डॉ. वंदना को मुद्रण शिक्षा, शोध, अकादमिक विकास तथा उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'प्रिंट गुरु अवार्ड' से सम्मानित किया गया। डॉ. वंदना को यह सम्मान ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. वंदना के नेतृत्व में उद्योग एवं शिक्षण संस्थान के बीच सहयोग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उनका मानना है कि मुद्रण प्रौद्योगिकी जैसे व्यावहारिक विषय में विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान देना पर्याप्त नहीं है। उन्हें आधुनिक मशीनों, उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तकनीकों तथा उद्योग में हो रहे नवीन परिवर्तनों का प्रत्यक्ष अनुभव भी मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के साथ सहयोग, समझौते, कार्यशालाएं, विशेषज्ञ व्याख्यान तथा औद्योगिक भ्रमण आयोजित किए गए हैं। डॉ. वंदना ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक सहयोग को भी बढ़ावा दिया है। उनका प्रयास रहा है कि विभाग के विद्यार्थी और शोधार्थी देश-विदेश में हो रहे नवीनतम तकनीकी एवं शोध विकास से परिचित हों।





हांसी। हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय सीबीपी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते अध्यापक। फोटो: हरिभूमि

आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

सिसाय रोड़ स्थित हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को गणित शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और शिक्षण कौशल को प्रभावी बनाने के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। इसमें 10वीं और 11वीं कक्षा को पढ़ाने वाले गणित शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य गणित शिक्षण को सरल, रोचक और व्यावहारिक बनाने के साथ विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर पढ़ाने की आधुनिक तकनीकों से शिक्षकों को अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन स्वराज शर्मा और मनजीत सिंह ने शिक्षकों को गणित पढ़ाने की नवीन तकनीकों और प्रभावी शिक्षण विधियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान गणितीय अवधारणाओं को आसान तरीके से समझाने, विद्यार्थियों की तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करने और कक्षा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

लुवास में साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा मंगलवार को पशु चिकित्सा सभागार में साइबर सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता के दिशा-निर्देशन तथा मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. सोनिया सिंधु के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनीश यादव ने कहा कि डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सतर्कता बरतने तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरूकता को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराधों के बदलते तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

जूनियर नेशनल एथलेटिक्स में हिसार के 21 खिलाड़ी क्वालीफाई

चयनित खिलाड़ी 23 से 28 अक्टूबर तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाली 41वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

41वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हिसार जिले के 21 एथलीट ने क्वालीफाई किया है। क्वालीफाई करने वाले कुल 21 खिलाड़ियों में से 15 महिला एथलीट हैं। अब ये खिलाड़ी 23 से 28 अक्टूबर तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाली 41वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। एथलेटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा एवं मीडिया प्रतिनिधि प्रदीप कनोह ने बताया कि हिसार की ओर से लड़कियों के वर्ग में अनु रानी ने लॉन्ग जंप, गुनगुन दलाल ने 600 मीटर दौड़, ओसियन डशीन ने डिस्कस थ्रो, रतन बाला ने हाई जंप, कोमल ने लॉन्ग जंप, महक ने 100 मीटर दौड़, अंशु ने 100 मीटर हर्डल्स, खुशी ने हेप्टाथलॉन, योगिता ने 5 किलोमीटर रेस वॉक, रिद्धि ने डिस्कस थ्रो, अंजलि ने 3000 मीटर स्टीपलचेज, पूनम और सोनम ने 400 मीटर हर्डल्स, पायल ने 100 मीटर हर्डल्स तथा पूजा ने 4 गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है। लड़कों के वर्ग में निशांत ने ट्रायथलॉन ए, मनीष ने 5 किलोमीटर दौड़, हर्षित गहलोत ने शॉटपुट, हितेश ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़, मनीष कुमार ने 4 गुणा 400 मीटर रिले तथा देवेंद्र ने 100 मीटर दौड़ एवं 4 गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है।

जीजेयूएसटी की अंतर-महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

लड़कों एवं लड़कियों के वर्ग में जाट कॉलेज ने जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ओडीएम महिला महाविद्यालय, मुकलान में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता (लड़कों एवं लड़कियों के वर्ग) का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में सीआरएम जाट कॉलेज, हिसार की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कों एवं लड़कियों, दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किए।

लड़कों के वर्ग में परिणाम: लड़कों के वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज, हिसार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय, हिसार की टीम दूसरे स्थान पर रही, जबकि विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

लड़कियों के वर्ग में परिणाम: लड़कियों के वर्ग में भी सीआरएम जाट कॉलेज, हिसार की टीम प्रथम स्थान पर रही और स्वर्ण पदक हासिल किया। एस.डी. महिला महाविद्यालय, हांसी की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि मेजबान ODM महिला महाविद्यालय, मुकलान की टीम तीसरे स्थान पर रही।



हिसार। विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

कुलपति ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

समापन समारोह में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजय अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, सिमकॉर्ड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. राजेश धमीजा, जिला पार्षद अनिल शर्मा तथा विश्वविद्यालय के खेल निदेशक शशि भूषण लूथरा विशिष्ट अतिथियों के रूप में समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर सीआरएम जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बाजिया, डॉ. अजीत सिंह, शशि अहलावत, प्रो. सुखबीर सिंह, प्रो. जगबीर बूरा, शक्तिवेश आर्य, डॉ. अंजू दुहन, डॉ. ईशु, डॉ. शीला आर्य तथा महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक महेश कुमार सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।